# भारतीय जनसंचार संस्थान

स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता पाठ्यक्रम 2018-19

सत्रांत परीक्षा

प्रश्नपत्र-1 संचार : अवधारणा और प्रक्रिया

तिथि: 17 दिसम्बर 2018 प्रातः10 बजे

समय - 3 घंटे अधिकतम अंक 100

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

खंड – क

1. संचार और संचार की प्रक्रिया की व्याख्या करते हुए समाज के विकास में संचार की भूमिका पर उदाहरण सहित अपने विचार व्यक्त कीजिए। 15

या

ई. एम. रोजर्स का नवोन्मेष का प्रसार की सिद्धांत (डिफ्यूज़न ऑफ इनोवेशन) समाज में नवोन्मेष का प्रसार करता है और इसकी क्या सीमाएँ हैं? उदाहरण सहित समझाएँ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 20
   - क. पारस्परिक (इंटरपर्सनल) संचार
   - ख. एस.एम.सी.आर. मॉडल
   - ग. संचार में साधारणीकरण और सहृदयता
   - घ. एजेंडा सेटिंग का सिद्धांत
   - ङ. चयनात्मक बोध (सिलेक्टिव परसेप्शन)

खंड – ख, ग

3. जनसंचार और संचार माध्यमों में भाषा के महत्व पर विश्लेषणात्मक टिप्पणी कीजिए। 15

या

अख़बार, रेडियो और टेलीविजन की क्या कोई मानक भाषा होनी चाहिए? उदाहरण सहित अपना पक्ष रखिए ।

4. दृश्य संचार और दृश्य साक्षरता से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 15

या

फोटो पत्रकारिता और टेलीविज़न पत्रकारिता में दृश्य साक्षरता क्यों आवश्यक है? विस्तार से समझाइए।

खंड – घ

5. ग्रामीण श्रोताओं पर रेडियो के प्रभाव पर शोध करने के लिए एक शोध प्रस्ताव का विस्तृत खाका तैयार कीजिए। 15

या

हाल ही में हुई किसान रैली का प्रभाव जानने के लिए आवश्यक प्रश्नावली तैयार कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 20

क) सैंपलिंग की पद्धति

ख) कंटेंट अनालिसिस

ग) टैम (TAM) और टीआरपी (TRP)

घ) आई आर एस (IRS)

# भारतीय जनसंचार संस्थान

स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता पाठ्यक्रम 2018-19

सत्रांत परीक्षा

**प्रश्नपत्र-2 पत्रकारिता का इतिहास, प्रेस कानून और आचार संहिता**

तिथि: 18 दिसम्बर 2018 | प्रात:10 बजे
समय - 3 घंटे | अधिकतम अंक 100

**निर्देश:** किन्हीं सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. उन्नीसवीं सदी में हिन्दी और उर्दू पत्रकारिता के आरंभ, स्वतंत्रता के आंदोलन में उनकी भूमिका और उनके विकास की चर्चा कीजिए। 15

या

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पत्रकारिता में व्यावसायिकीकरण के अच्छे और बुरे परिणामों की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पत्रकारों पर टिप्पणियाँ लिखिए : 20

   1) महावीर प्रसाद द्विवेदी 2) गणेश शंकर विद्यार्थी

   3) सुरेंद्र प्रताप सिंह 4) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

3. भारत में अभिव्यक्ति की पूर्ण आज़ादी नहीं है। आप क्या सोचते हैं? समझाइए। भारत और अमेरिका में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में क्या अंतर है? 15

या

सूचना का अधिकार कानून भारत में सबसे लोकप्रिय कानून है। क्यों? और पत्रकार इस कानून का उपयोग करके समाचार कैसे बना सकते हैं?

4. पहले और दूसरे प्रेस आयोगों की महत्वपूर्ण सिफारिशों और भारतीय पत्रकारिता पर उनके प्रभाव की व्याख्या कीजिए। 15

या

भारतीय प्रेस परिषद के गठन की व्याख्या कीजिए और उसमें शिकायतों की जाँच की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

5. क्या एक पत्रकार के लिए व्यक्तिगत रूप से वस्तुनिष्ठ और निष्पक्ष हो पाना संभव है? पत्रकारिता में वस्तुनिष्ठता के सिद्धांत से क्या आशय है और इसे कैसे हासिल किया जा सकता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 15

या

पत्रकारीय आचार संहिता नीतिशास्त्र के किन प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है? उदाहरण सहित उनकी चर्चा कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए। 20

1) सरकारी गोपनीयता क़ानून 2) संसदीय विशेषाधिकार

3) मान हानि कानून 4) भारत में आपात् कालीन दौर और पत्रकारिता

5) प्राइवेट ट्रीटीज 6) पेड न्यूज

7) स्टिंग आपरेशन की आचार संहिता

# भारतीय जनसंचार संस्थान

स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता पाठ्यक्रम 2018-19

सत्रांत परीक्षा

**प्रश्नपत्र-3 समाचार लेखन : अवधारणा और प्रक्रिया**

तिथि: 19 दिसम्बर 2018 | प्रातः 10:00 बजे

समय - 3 घंटे | अधिकतम अंक 100

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । अपने उत्तर 300–500 शब्दों में लिखिए।

1. समाचार के विभिन्न स्रोत बताइये। खोजी पत्रकारिता का एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्रोत का महत्व समझाइये। 15

या

'रिपोर्टिंग किसी भी अखबार या न्यूज चैनल का चेहरा होते हैं' इस कथन की पुष्टि करते हुए मुख्य संवाददाता और ब्यूरो चीफ की भूमिका का वर्णन कीजिए।

2. हाल में संपन्न पाँच राज्यों के विधानसभा चुनावों के उदाहरण देते हुए राजनीतिक रिपोर्टिंग की व्याख्या कीजिए। 15

या

संसदीय रिपोर्टिंग की तैयारियों के बारे में विस्तार से समझाइये।

3. पत्रकारिता में खेल रिपोर्टिंग की स्थिति और आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। एक खेल रिपोर्टर में किन गुणों का होना जरूरी है? स्पष्ट कीजिए। 15

या

बिजनेस रिपोर्टिंग से आप क्या समझते हैं? बिजनेस रिपोर्टिंग के लिए किस तरह की तैयारी होनी चाहिए? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

4. वस्तु व सेवा कर यानी जीएसटी की मूल अवधारणा क्या है? क्या हमारी जीएसटी व्यवस्था बेहतर है, यदि हां तो क्यों और यदि नहीं तो क्यों? 15

या

भारत सरकार की बजट व्यवस्था की खास बाते क्या हैं? एक आम आदमी के बजट और सरकार के आम बजट के बीच क्या अंतर होता है?

5. फीचर और समाचार में अंतर स्पष्ट करते हुए फीचर की विशेषताएँ बताइए। समाचार माध्यमों में फीचर का महत्व क्यों बढ़ रहा है? स्पष्ट कीजिए। 15

या

साक्षात्कार के विभिन्न प्रकारों की चर्चा करते हुए बताइए कि एक साक्षात्कार के लिए तैयारी करते हुए किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए?

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर 300–350 शब्दों में उत्तर लिखिए: 25

क) समाचार मूल्य

ख) शेयर बाज़ार और निवेशक

ग) समाचार लेखन की शैलियाँ

घ) अर्जेंटीना में जी–20 की बैठक या दिल्ली में वायु प्रदूषण की चुनौती पर सम्पादकीय लिखिए

# भारतीय जनसंचार संस्थान

स्नातकोत्तर हिन्दी पत्रकारिता पाठ्यक्रम 2018-19

सत्रांत परीक्षा

**प्रश्नपत्र-5 संपादन : अवधारणा और प्रक्रिया**

तिथि: 20 दिसम्बर 2018 प्रातः 10 बजे

समय - 3 घंटे अधिकतम अंक 100

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान है।

1. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि 'सम्पादक अखबार या पत्र के सकल प्रभाव को तय करता है'? अख़बार एक व्यावसायिक उत्पाद है। बाजार उसे स्वीकार या अस्वीकार करता है। ऐसे में सम्पादक के विज़न या दृष्टिकोण की ज़रूरत क्या है?

या

आज के पत्रकारीय परिवेश में क्या सम्पादकीय निष्पक्षता एक निरर्थक अवधारणा है?

2. किन्हीं दो पर 200-200 शब्दों की टिप्पणियाँ लिखिए-

(1) सम्पादकीय विभाग पर दबाव

(2) अखबार एक ब्रैंड

(3) समाचारपत्रों का स्वामित्व

(4) सम्पादकीय विभाग में गेटकीपरों की भूमिका।

3. समाचार के संपादन के समय तथ्यों के क्रम की प्राथमिकता किस आधार पर तय की जाती है? सोदाहरण समझाइये।

या

क्या तथ्यों के सही होने के बावजूद खबरों के लेखन या संपादन के समय तोड़-मरोड़ की जा सकती है? उदाहरण सहित अपनी बात समझाइये।

4. पत्रकारिता में अनुवाद की भूमिका और महत्व पर उदाहरण सहित प्रकाश डालते हुए अनुवाद की प्रक्रिया समझाइये।

या

निम्नलिखित समाचार का हिन्दी में समाचार बनाइये और उपयुक्त शीर्षक लिखिए :

Kolkata, Dec 13 (UNI) The Enforcement Directorate (ED) probing the Saradha chit fund scam, has summoned a fresh accused Abhijit Ganguly, a friend of Ratna Chatterjee, a day after the central investigating agency quiz former KMC Mayor Sovan Chatterjee and his friend Baishaki Banerjee. The ED phoned Abhijit Ganguly and asked him to appear

→

on Monday at its CGO Complex, Salt Lake. The summon to Ganguly was made after former Mayor of Kolkata Municipal Corporation (KMC) Sovan Chatterjee and Ms Banerjee gave some statement against Ratna Chatterjee, the estranged wife of the former Mayor, in which they alleged that Ms Chatterjee opened new companies in which she invested money. Sovan Chattjeree is one of the accused to have been benefited in the Sardha chit fund scam. The ED also summoned Ratna Chatterjee to appear on Tuesday as she could not come in earlier summon for appearance on Tuesday last.

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर 200-200 शब्दों में टिप्पणियाँ लिखिए :

(1) डेट लाइन (2) अखबारों में शैली पुस्तिका

(3) पृष्ठ सज्जा में शीर्षक का योगदान (4) संपादन कक्ष की संरचना